मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 290 ■ शनिवार, 15 फरवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# शहर के अवैध निर्माण आयुक्त के लिए चैलेंज



**उल्हासनगर .** दैनिक 'उल्हास विकास' ने 11 फरवरी 2025 को यह खबर प्रकाशित की थी कि उल्हासनगर शहर अवैध निर्माण को लेकर प्रसिद्ध है और इस शहर पर अवैध निर्माणों का धब्बा लग चुका है। जिस कारण शहर में प्रॉपर्टी के दामों में भी भारी गिरावट आयी है। इस खबर की सराहना एक तरफ आम जनता ने भी की जिसके फलस्वरूप मनपा की भी आंख खुली है और मनपा आयुक्त ने इस पर एक्शन लेते हुए शहर में अवैध निर्माण पर कार्रवाई और शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 5 सूत्री आदेश प्रभाग समिति अधिकारियों को दिए। अब क्या अगर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्या उन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी जो इन अवैध निर्माणों को संरक्षण दिए हुए हैं।

(विस्तृत समाचार अंतिम पृष्ठ पर ...)



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## किसान आंदोलन बेनतीजा

शंभू और खनौरी सीमा पर एक साल से किसान डटे हुए हैं और अब जाकर सरकार बातचीत करने वाली है। किसानों की केंद्र सरकार के साथ अहम बैठक होने वाली है। इससे पहले किसानों ने आंदोलन के एक साल पूरा होने पर महापंचायत बुलाई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटे। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, कर्ज मुक्ति, और पेंशन योजना सहित 12 मांगों को लेकर किसान आंदोलन पर हैं।

उन्होंने पांच बार दिल्ली कूच करने की कोशिश भी की। इस आंदोलन को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन से नई ऊर्जा मिली। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया और पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सकीय सहायता देने के निर्देश दिए।

दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर एक साल चले आंदोलन को केंद्र सरकार ने एक समझौता करके खत्म कर दिया था, लेकिन उस समझौते की मुख्य मांगों पर आज तक अमल नहीं हो सका है। पहला आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा की अगुआई में हुआ था। डल्लेवाल की अगुआई में नया आंदोलन 13 फरवरी 2024 से शुरू हुआ। आंदोलन में जान बनाए रखने के लिए डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठे। उनकी बिगड़ती सेहत पर सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद केंद्र सरकार ने भी सकारात्मक रुख अपनाया और बातचीत की तारीख का एलान किया।


ऐसा नहीं है कि किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने बातचीत न की हो। किसानों की नाराजगी को देखते हुए 2024 में केंद्र सरकार ने आठ और फिर 12 फरवरी को संगठन के नेताओं से बातचीत की थी। इसके बाद 13 फरवरी से किसानों ने आंदोलन शुरू कर दिया। सरकार ने 15 और फिर 18 फरवरी 2024 को भी किसान नेताओं के साथ बातचीत की। तब भी कोई हल नहीं निकला। इसके बाद से मामला ठंडा पड़ गया। शुक्रवार को प्रस्तावित बातचीत पर सभी की निगाहें टिकी हैं। किसानों को उम्मीद है कि इस बार केंद्र सरकार उनकी अवश्य सुनेगी। इस नए संवाद में जरूरी है कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को सुनें और एक-दो कदम पीछे भी हटें, तभी कोई हल निकल पाएगा।

# शिक्षा और स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों पर देना होगा अधिक ध्यान

आजकल विकसित भारत शब्द विमर्श के केंद्र में है। प्रश्न उठता है कि विकसित भारत क्या है? क्या यह मात्र एक शब्द है? या राजनीतिक प्रतीक है? क्या यह नारा है? क्या यह एक भविष्यपरक लक्ष्य है? क्या यह राष्ट्र निर्माण का एक परिवर्तनकारी मिशन है? गहराई से व्याख्या करें तो भारतीय आधुनिक इतिहास में तीन परिवर्तनकारी दीर्घ क्षण दिखते है-पहला गांधीजी का भारत की आजादी का मिशन, आजादी के बाद राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के लक्ष्यों को लागू करने का मिशन और तीसरा क्षण है विकसित भारत का मिशन, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्पित किया है।

विकसित भारत एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। यदि इसे प्रतीक के रूप में देखें तो यह एक विकासपरक प्रतीक है, जिसमें विकसित देशों की श्रेणी में आना एक लक्ष्य है। विकसित देशों में विकास के जितने भी मानक हैं- स्वास्थ्य, शिक्षा, गुणात्मक जीवन, सुख, खुशी, समरसता इत्यादि के आधार पर शीर्ष पर पहुंचने की प्रतिबद्धता के भाव इस संकल्पना में समाहित हैं। विकसित भारत के इस प्रतीक में विकास की आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के साथ ही समाज की बेहतरी के लिए सुविधाएं, संचार एवं बाजार का जनोपयोगी विकास भी करना होगा।

इस प्रकार, एक प्रतीक के रूप में विकसित भारत विकास के अनेक रूपों यथा आर्थिक विकास, सांस्कृतिक विकास, सुख एवं संतोष की प्राप्ति, आध्यात्मिक उन्नयन, ज्ञान जगत में शीर्ष कोटि प्राप्त करने के लक्ष्य को खुद में



शामिल किए हुए है।


अगर आप विकसित भारत की इस प्रक्रिया को देखेंगे तो जाहिर होगा कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी तरह सक्रिय है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिये जहां शिक्षा के मोर्चे पर आशातीत परिणाम हासिल करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हो रही है, वहीं जनस्वास्थ्य के स्तर पर सभी कड़ियों को मजबूत बनाने के लिए कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाकर स्वस्थ भारत के लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

आधारभूत संरचना के लिए भी हाईवे और एक्सप्रेसवे निर्माण से देश के कोने-कोने को जोड़ने का काम द्रुत गति से जारी है। धार्मिक एवं अध्यात्मिक स्थलों को विकसित कर श्रद्धालुओं की सुविधाजनक तीर्थ यात्रा को संभव किया जा रहा है। विकसित भारत मिशन के लिए समर्पित रणनीतियों से जाहिर है कि आर्थिक, सांस्कृतिक एवं सैन्य शक्ति से युक्त भारत ही विकसित भारत का आधार बनेगा।

विकसित भारत पीएम मोदी के 'पंच प्रण' पर आधारित है। इस पंच प्रण में विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की हर एक स्मृति एवं प्रतीक से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, एकता की शक्ति, नागरिकों में कर्तव्य बोध जागरण जैसे तत्व समाहित हैं। हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डा. मोहन भागवत ने सांस्कृतिक आजादी की बात की तो कुछ वर्गों ने उनकी आलोचना की।

इस प्रक्रिया में हम भूल गए कि दुनिया की हर राजनीतिक आजादी धीरे-धीरे अपने लिए विभिन्न चरणों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक आजादी प्राप्त कर एक प्रभावी एवं विकसित राष्ट्र का निर्माण करती ही है। दुनिया भर के देशों की मुक्ति का इतिहास देखें तो जाहिर होगा कि आजादी प्राप्ति के बाद भी ऐसे अनेक औपनिवेशिक राष्ट्रों को अपने मानस, संस्कृति एवं समाज को विऔपनिवेशीकृत करने के लिए प्रयास करने पड़े। ऐसे तमाम विवरण केन्या के प्रसिद्ध लेखक आंगुगी बाच्योंगो की पुस्तक 'डिकोलोनाइजिंग माइंड' में उल्लिखित हैं। स्पष्ट है कि विकसित भारत मिशन एवं गुलामी की संस्कृति से सांस्कृतिक मुक्ति का अभियान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

विकसित भारत एक सुखद भविष्य की आशा का प्रतीक है, जिसमें भारत के भविष्य की दीर्घकालिक दृष्टि दिखती है। वस्तुतः भारतीय इतिहास का यह तीसरा चरण, जो विकसित भारत का चरण है, इस रूप में महत्वपूर्ण है कि इसमें पहली बार महात्मा गांधी के बाद किसी भारतीय राजनेता ने देश के भविष्य की दीर्घकालिक संकल्पना प्रस्तुत की है। अतीत में नेताओं ने 'भारत भविष्य' को पंचवर्षीय योजनाओं में बांट रखा था।


यदि हम ध्यानाभ्यास की कला में पारंगत हो जायें, तो हम जीवन के तूफानी समुद्र को सफलतापूर्वक पार कर लेंगे और आध्यात्मिक बंदरगाह में सकुशल पहुँच जायेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# फ्रांस यात्रा से व्यापार संबंध और मजबूत होंगे

भारत फ्रांस के करीबी साझेदारों में से एक है। दोनों देशों के बीच परस्पर सम्मान और विश्वास का रिश्ता रहा है। चीन के बरक्स भारत की क्षमता बढ़ाने में सहयोग का मसला हो या सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए दावा, फ्रांस ने हर बड़े मौके पर भारत का साथ दिया है। दुनिया में तेजी से उभरती ताकत के रूप में भारत की संभावनाओं को फ्रांस पहले ही भांप चुका है। हाल के वर्षों में अंतरिक्ष अनुसंधान से लेकर पनडुब्बी बनाने में सहयोग कर उसने साबित कर दिया कि वह भारत का न केवल भरोसेमंद बल्कि सबसे बड़ा रणनीतिक सहयोगी है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की परस्पर निकटता का प्रमाण कई बार मिल चुका है। इस बार दोनों देशों ने आधुनिक परमाणु संयंत्रों को संयुक्त रूप से विकसित करने का संकल्प किया है। फ्रांस के मारसेई में एक आशय पत्र पर दस्तखत के बाद दोनों देशों ने स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा और कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था के लिए परमाणु ऊर्जा अहम है। इस लिहाज से देखें, तो परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग की दिशा में यह महत्त्वपूर्ण कदम है।

फ्रांस न केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का साथ देता रहा है, बल्कि रणनीतिक साझेदारी निभाते हुए आर्थिक संबंध मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग करता रहा है। नतीजा यह कि वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच कारोबार उन्नीस अरब डालर तक पहुंच गया था। इससे पहले वर्ष 2000 से 2024 के मध्य फ्रांस से कोई दस अरब डालर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया था।

इस बार की प्रधानमंत्री की फ्रांस यात्रा के दौरान भी व्यापार और निवेश बढ़ाने



पर दोनों देशों ने जोर दिया है। इससे व्यापार संबंध और मजबूत होने की उम्मीद बंधी है। इसके अलावा दोनों देश जलवायु संकट से निपटने की दिशा में भी एक मंच पर काम कर रहे हैं। इसके लिए भारत और फ्रांस ने 'इंटरनेशनल सोलर अलायंस' का गठन किया, जिसमें सौ से अधिक देश शामिल किए गए थे।

भारत-फ्रांस के शीर्ष नेताओं ने असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र में जिस तरह इस बार परस्पर सहयोग की गंभीरता से समीक्षा की है, इससे लगता है कि इसके दूरगामी और सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता जता कर साफ कर दिया है कि उनके संबंध बहुआयामी हैं। इस तरह दोनों ने दोस्ती को एक नया आयाम ही दिया है। उम्मीद यह भी है कि कृत्रिम मेधा से लेकर प्रौद्योगिकी और नवाचार की दिशा में सहयोग और मजबूत होगा।


दस अहम समझौते के बाद फ्रांस एक बार फिर सच्चे दोस्त के रूप में सामने आया है। इन समझौतों के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और गहरे होंगे। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में असैन्य सहयोग भी मील का पत्थर साबित होगा। कृत्रिम मेधा और नवाचार की दिशा में भारत और फ्रांस ने एक बड़ा लक्ष्य तय किया है। सुरक्षित और विश्वसनीय कृत्रिम मेधा के विकास के लिए दोनों देश अब साझा रूप से काम करेंगे। यह विकसित प्रौद्योगिकी वैश्विक हितों के लिए काम करेगी। कुल मिला कर देखें, तो भारत और फ्रांस के बीच प्रगाढ़ होते संबंध चीन और अमेरिका को संदेश देने का भी प्रयास है। एक न्यायसंगत व शांतिपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कायम करने के लिए भारत ने फ्रांस से हाथ मिलाया है। सहयोग का यह मार्ग लंबा है, दोनों मित्रता निभाते हुए आगे बढ़ेंगे।

# पहली पत्नी को 4 दिन और दूसरी को 3 दिन : प्यार का पंचनामा

**जरा हट के**

कहते हैं कि कभी-कभी लोगों को एक दूजे से दिल लगाना बहुत महंगा भी पड़ता है. लेकिन कभी-कभी प्यार की महंगी कीमत चुकाने के लिए लोग हर वक्त तैयार रहते हैं. चाहे ऐसे में पति हो या आशिक, कीमत चुकाने को दोनों तैयार रहते हैं. ऐसा ही बहुत रोचक मामला पूर्णिया में बीते दिन देखने को मिला, चलिए पूरी कहानी आपको बताते हैं. आज तक आपने जमीन-जायदाद, धन-दौलत और अन्य चीजों का बंटवारा होते देखा होगा. लेकिन पूर्णिया में एक पति का बंटवारा प्यार करने वाले आशिकों का हाल दर्शाता है. पूर्णिया में बीते दिन एक पति को पहली पत्नी व बच्चों के रहते हुए दूसरे प्रेमिका से शादी करने के बाद अपने आप को खुद दोनों पत्नियों के बीच बंटवारा कर पारिवारिक सुलह करना पड़ा.

परिवार परामर्श केंद्र के संबंधित अधिकारी पूर्णिया के



अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक से बातचीत की, तो उन्होंने खास जानकारी दी. उन्होंने कहा कि बीते दिन पूर्णिया के रुपौली थाना क्षेत्र का एक मामला पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में आया, जिसमें पहली पत्नी द्वारा यह बताया गया कि उसकी शादी 7 साल पहले हुई थी और पहली पत्नी को दो बड़े लड़के भी हैं. वहीं पति ने पहली पत्नी को बिना तालाक दिए अपने प्रेमिका से पुनः दूसरी शादी कर ली, जिसके कुछ दिन बाद ही अपनी पहली पत्नी के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना शुरू कर दिया. फिर उनकी पहली पत्नी ने अपने हक की लड़ाई को लेकर पूर्णिया पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में अर्जी दी और यहां उन्हें न्याय मिला.

परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य दिलीप कुमार दीपक ने बताया कि अपने दोनों पत्नियों के बेहतर परवरिश का जिम्मा लड़के ने उठाया. पति ने अपनी गलती को स्वीकार किया और अपने आपको दोनों पत्नियों और बच्चों के लिए बीच अदालत में खुद का बंटवारा कर दिया. सदस्यों के सामने बच्चे के परवरिश के लिए पढ़ाई का खर्च उठाने का वादा किया और अपना निर्णय लेते हुए पहली पत्नी को सप्ताह के 4 दिन और दूसरी पत्नी को 3 दिन बराबर समय देने का वादा किया.

# मसालेदार खाने से हो सकती हैं ये गंभीर दिक्कतें

**मसालेदार भोजन हाल ही में चलन में है, दुनिया भर में और हमारे उपकरणों पर हॉट सॉस का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और मसालेदार भोजन की चुनौतियां हो रही हैं। मिर्च खाने की प्रतियोगिताओं से लेकर रेस्तरां के मेन्यू में आइटम तक, हर तरफ मसालेदार खाने का बोलबाला है। कई लोगों को तीखा खाना इतना पसंद होता है कि वह लोग खाने में ऊपर से मिर्ची डालकर स्वाद बढ़ाते हैं। हालांकि, इन सब के बीच यह सवाल उठता है कि क्या दुनिया में सबसे मसालेदार मिर्च और मसालेदार खाना आपके स्वास्थ्य के लिए बुरा हो सकता है? आइए आज की इस खबर में हम जानते हैं कि लगातार मसालेदार खाना खाने के क्या बड़े नुकसान है और इसका आपकी सेहत में कैसा असर पड़ता है।**



## मसालेदार खाना खाने से क्या होता है?

कैप्साइसिन मिर्च में पाया जाने वाला रासायनिक यौगिक है जो मसालेदार भोजन खाने पर हमें महसूस होने वाली "गर्मी" पैदा करता है। जब आप तीखी मिर्च खाते हैं, तो कैप्साइसिन मुंह में, जीभ की सतह पर और पूरे पाचन तंत्र में पाए जाने वाले TRPV1 नामक दर्द रिसेप्टर्स के एक वर्ग से जुड़ जाता है।

## क्या है नुकसान

**1. गैस्ट्रिक समस्याएं**

लंबे समय तक भारी मात्रा में मसालेदार भोजन का सेवन करने से सीने में जलन या अन्य गैस्ट्रिक समस्याएं हो सकती हैं।

**2. गैस्ट्राइटिस या अल्सर को बदतर बना सकता है**

मसालेदार भोजन सीधे गैस्ट्राइटिस या अल्सर का कारण नहीं बन सकता है। हालांकि, जब आपको पहले से ही ऐसी समस्याएं हों, तो यह उन्हें और भी बदतर बना सकता है।

**3. दस्त हो सकता है**

जब आप बहुत मसालेदार खाना खाते हैं तो आपको शुरू में ऐसा लगता है कि आपके मुंह में जलन हो रही है, लेकिन जब खाना आपके जठरांत्र संबंधी मार्ग में जाता है, तो यह पाचन की दर को बढ़ा सकता है। इससे दस्त हो सकते हैं, साथ ही मल त्याग में दर्द भी हो सकता है।

**4. सिरदर्द हो सकता है**

बहुत ज्यादा मसालेदार खाना खाने के बाद थंडरक्लैप सिरदर्द हो सकता है। यह सिरदर्द का वह प्रकार है जो दर्दनाक होता है और अचानक आता है।

## मसालेदार भोजन के स्वास्थ्य लाभ

हालांकि मसालेदार भोजन की चुनौती से स्थायी लाभ होने की संभावना नहीं है, लेकिन समय के साथ मसालेदार भोजन खाने से कुछ स्वास्थ्य लाभ होते हैं, जिनमें शामिल हैं:

**लंबी आयुः** जो लोग सप्ताह में छह या सात बार मसालेदार भोजन खाते हैं, उनमें कुल मृत्यु दर का जोखिम उन लोगों की तुलना में कम था, जो सप्ताह में एक बार से भी कम मसालेदार भोजन खाते हैं।

**'खराब' कोलेस्ट्रॉल कम करें:** शोध से पता चला है कि लाल मिर्च खाने से एलडीएल (कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन) का स्तर कम हो सकता है, जिसे हृदय रोग से जुड़े होने के कारण 'खराब' कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है।

**वजन घटानाः** कैप्साइसिन भूख को कम कर सकता है और चयापचय को बढ़ावा दे सकता है, जिससे लोगों को आराम और व्यायाम के दौरान अधिक कैलोरी जलाने में मदद मिल सकती है।

**पेट का स्वास्थ्यः** कई अध्ययनों से पता चला है कि कैप्साइसिन पेट में एसिड उत्पादन को रोकता है, जो अल्सर को रोकने में मदद कर सकता है।

# गोभी दम बिरयानी

खाना-खजाना

**सामग्री**

- 2 कप बासमती चावल
- 4 कप पानी
- 2 हरी इलायची
- 1 तेजपत्ता
- 1 दालचीनी का टुकड़ा
- 2 लौंग
- नमक स्वादानुसार
- 1 फूलगोभी टुकड़ों में कटी हुई
- 1 कप दही
- 1 बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- 2 बड़े प्याज बारीक कटे हुए
- 2 कटे हुए टमाटर
- 2-3 हरी मिर्च
- ½ छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 1 छोटा चम्मच गरम मसाला
- 1 छोटा चम्मच बिरयानी मसाला
- ¼ कप फ्रेश क्रीम
- 10-12 काजू फ्राई किए हुए
- 10-12 किशमिश
- 2 बड़े चम्मच घी
- 2 बड़े चम्मच तेल
- ½ कप दूध
- केसर के कुछ धागे



**विधि**

गोभी दम बिरयानी बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी उबालकर उसमें तेजपत्ता, इलायची, दालचीनी, लौंग, थोड़ा सा नमक और बासमती चावल डालकर उन्हें 80 प्रतिशत तक पका ले। जब चावल पक जाएं तो उसका अतिरिक्त पानी निकालकर अलग रख दें। इसके बाद बिरयानी के मसाले तैयार करने के लिए एक बड़े पैन में घी और तेल गरम करके उसमें कटे हुए प्याज गोल्डन ब्राउन होने तक भूनें। इसके बाद अदरक-लहसुन पेस्ट, टमाटर, हरी मिर्च, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और बिरयानी मसाला डालकर सभी मसालों को अच्छी तरह पकने दें। अब इस मसाले में दही डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसके बाद इसमें फूलगोभी डालकर 10 मिनट तक ढककर पकाएं। जब गोभी पककर नरम हो जाए तो उसमें काजू, किशमिश और क्रीम डालकर सभी चीजों को मिलाएं। अब एक बड़े बर्तन में घी डालकर सबसे पहले उसमें चावल की एक लेयर डालें। उसके बाद चावल के ऊपर गोभी मसाले की एक लेयर लगाएं। इसके बाद केसर वाला दूध डालकर बिरयानी को धीमी आंच पर ढककर 15 मिनट दम पर रखें। आपकी टेस्टी फूलगोभी दम बिरयानी बनकर तैयार है। आप इसे रायते और सलाद के साथ गर्मा-गर्म सर्व करें।

# बीपी के लिए वरदान है हल्दी

**डब्ल्यूएचओ की मानें तो भारत में 22 करोड़ लोगों को हाई ब्लड प्रेशर है. वैसे रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर 4 में से एक व्यक्ति को हाइपरटेंशन है लेकिन इनमें आधे से ज्यादा लोगों को पता ही नहीं कि उसे हाई बीपी है. लेकिन दिलचस्प बात यह है कि थोड़ी सी डाइट में बदलाव कर हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक हल्दी भारत के हर घर में इस्तेमाल की जाती है लेकिन अगर इसका सही तरह से इस्तेमाल किया जाए तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से मुक्ति मिल सकती है. आइए इसके बारे में जानते हैं.**



## हल्दी किस तरह बीपी को कम करती

टीओआई के मुताबिक पहले यह जान लेते हैं कि हल्दी हाई ब्लड प्रेशर को कैसे कंट्रोल कर देती है. दरअसल, हल्दी में करक्यूमिन कंपाउड पाया जाता है. यह दवा से कम पावर का नहीं होता. इसमें एंटी-इंफ्लामेरी, एंटीऑक्सीडेंट्स और वेसोडिलेटरी यानी खून की नलियों को चौड़ी करने वाला गुण होता है. यह ब्लड वैसल्स को चौड़ी करती है जिसके कारण खून का प्रवाह आसानी से हो जाता है. जब खून का प्रवाह सही रहेगा तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या होगी ही नहीं. दूसरी और हल्दी शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड के प्रोडक्शन को बढ़ाता है. नाइट्रिक ऑक्साइड ब्लड वैसल्स को रिलेक्स फील कराता है और खून की नलियों को चौड़ी करने में भी मदद करता है. इसके साथ ही हल्दी से एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल घटता है और गुड कोलेस्ट्रॉल एचडीएल बढ़ता है. अब सवाल यह है कि जब इतनी गुणी है हल्दी तो इतना खाने के बावजूद मदद क्यों नहीं करती. दरअसल, हल्दी के इस्तेमाल का तरीका गलत है.

## हल्दी को इस तरह यूज करें

सबसे पहली बात कि अगर आप कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करें तो इसका फायदा ज्यादा होगा. अगर सूखी हल्दी का पाउडर है तो भी आप इसे कई तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आप हल्दी की चाय बना सकते हैं. इसमें आप पानी या दूध को गर्म करें और इसे उतार कर इसमें हल्दी पाउडर डाल दें. यदि आप इस चाय में दालचीनी भी मिला देंगे तो यह और फायदा पहुंचाएगा. चाय के अलावा आप थोड़े से गर्म पानी में अदरक और नींबू को मिला दें और इसमें गोल मिर्च के पाउडर को मिला दें. इसे खाली पेट पिएं. बहुत जल्द फायदा होगा. खाने में यदि आप इस्तेमाल कर रहे हैं तो इसका भी फायदा मिलेगा लेकिन थोड़ा कम. ऐसे में यदि आप गर्म दूध में हल्दी मिलाकर रोज पिएंगे तो इसका फायदा ज्यादा होगा. वहीं अगर दूध नहीं पच रहा है तो नॉर्मल पानी में हल्दी डालकर पिएं.

# पनीर को लंबे समय तक कैसे रखें फ्रेश?


- **बहुत सिंपल है तरीका**
- **हफ्तों रहेगी ताजगी**

पनीर भारतीय रसोई में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली चीजों में से एक है. लेकिन इसे लंबे समय तक ताज़ा रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता. अगर पनीर सही तरीके से स्टोर न किया जाए तो यह जल्दी सूख जाता है या खराब भी हो जाता है. खराब होने से बचाने के लिए कई बार लोग इसे फ्रीजर में रख देते हैं, जिससे इसकी बनावट और स्वाद, दोनों ही बदल जाते हैं. ऐसे में हम आपको बताते हैं कि आप पनीर को हफ्तों तक फ्रेश किस तरह रख सकते हैं.

## पनीर को स्टोर करने का आसान तरीका-

**पानी में स्टोर करें-** अगर आप पनीर को लंबे समय तक ताज़ा रखना चाहते हैं, तो इसे पानी में डुबोकर रखें. एक एयरटाइट कंटेनर में ठंडा पानी भरें और उसमें पनीर डालकर फ्रिज में स्टोर करें. हर दिन पानी बदलना जरूरी है, जिससे पनीर में नमी बनी रहे और यह जल्दी खराब न हो.

**सूती कपड़े में लपेटकर रखें-** अगर आप पानी में स्टोर नहीं करना चाहते, तो पनीर को एक साफ और हल्का गीला सूती कपड़ा या मलमल के कपड़े में लपेटें और फिर एयरटाइट डिब्बे में रखें. यह तरीका पनीर की नमी बनाए रखने में मदद करता है और इसे सूखने से



बचाता है.

**एयरटाइट कंटेनर का करें इस्तेमाल –** पनीर को प्लास्टिक बैग या खुले बर्तन में रखने से यह जल्दी खराब हो सकता है. हमेशा एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें, जिससे यह हवा के संपर्क में न आए और ज्यादा दिनों तक फ्रेश बना रहे.

**नमकीन पानी करें इस्तेमाल-** अगर आप चाहते हैं कि पनीर ज्यादा दिनों तक सही रहे, तो इसे हल्के नमक मिले पानी या नींबू के रस वाले पानी में स्टोर करें. इससे बैक्टीरिया नहीं पनपेंगे और पनीर जल्दी खराब नहीं होगा.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें। रसोई में चोट लग सकती है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**वृषभ :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। घरेलू कार्य समय पर होंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। चिंता बनी रहेगी।

**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें। शारीरिक कष्ट के योग हैं। लापरवाही न करें। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय-व्यापार लाभदायक रहेगा।

**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। निवेश में विवेक का प्रयोग करें। धनार्जन होगा।

**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। धनागम होगा।

**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी। तनाव रहेगा। कुसंगति से हानि होगी। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे। अपनी देनदारी समय पर चुका पाएंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। धनार्जन होगा।

**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी अनुबंध होंगे।

**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। आय में वृद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

संक्षेप...

### ठाणे में महिला ने की आत्महत्या

**कल्याण.** डोंबिवली में एक महिला ने आत्महत्या कर ली. इस घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया. बताया जा रहा है कि पीड़िता तीन मिस्कैरेज और मां न बन पाने के दुख से जूझ रही थी. डिप्रेशन से शिकार होकर महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी. मृतका की उम्र 29 साल की थी. पुलिस के अनुसार महिला ने मंगलवार शाम को डोंबिवली टाउनशिप के मानपाड़ा इलाके में अपने घर में पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मानपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी का कहना है कि महिला का चार बार गर्भपात हो चुका था. इसके कारण वह मां न बन पाने से दुखी थी. पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस महिला के घर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. फिलहाल, महिला के पति द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर दुर्घटनावश मौत का मामला पुलिस ने दर्ज किया है.

# ठाणे जिले के लिए 694 करोड़ रुपये की अतिरिक्त निधि पर मुख्यमंत्री करेंगे फैसला

■ **वित्त मंत्री ने 805.84 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी**



**ठाणे.** ठाणे जिला नियोजन विभाग की राज्य स्तरीय बैठक उपमुख्यमंत्री तथा वित्त एवं नियोजन मंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री तथा वित्त व नियोजन मंत्री अजित पवार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठाणे जिले द्वारा प्रस्तुत 1,399 करोड़ रुपये की जिला वार्षिक नियोजन योजना की समीक्षा की। हालांकि, राज्य के खजाने की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दोनों उपमुख्यमंत्रियों से चर्चा के बाद प्रत्येक जिले को कितनी निधि देनी है, इसका फैसला करेंगे. इसलिए इस बात की चर्चा है कि ठाणे जिले को 694 करोड़ रुपये का अतिरिक्त फंड मिलेगा या उसे विराम लेना पड़ेगा।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला नियोजन समिति की बैठक में ठाणे जिले के लिए 805.84 करोड़ की वार्षिक योजना को मंजूरी देते हुए सरकार से 694 करोड़ 16 लाख की अतिरिक्त राशि मांगने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, 1,399 करोड़ रुपये का संशोधित प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया।

वित्त एवं योजना मंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, वित्त एवं योजना राज्य मंत्री एड. आशीष जायसवाल, किसन कथोरे, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, राजेश देशमुख, जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, जिप मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे उपस्थित थे।


इस बैठक में जिला परिषद के स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में परिवर्तित करने, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्मार्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में परिवर्तित करने, सड़कों की मरम्मत करने, जिले में महत्वपूर्ण मुद्दों का अच्छा प्रचार करने तथा पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने, सभी प्रमुख अधिकारियों को जिले के अस्पतालों और आश्रम स्कूलों का दौरा करने और सुविधाओं की समीक्षा करने तथा जहां आवश्यक हो वहां सुधार करने, जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए उपाय करने ताकि दवाओं की कमी न हो तथा जहां आवश्यक हो वहां सीएसआर निधि का उचित उपयोग करने के निर्देश दिए। मीरा-भायंदर महानगरपालिका सीमा के भीतर ऐतिहासिक घोड़बंदर किले के संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य तथा किले से सटे 9 एकड़ खुले स्थान पर शिव मंदिर के निर्माण के लिए पुरातत्व विभाग से एनओसी प्राप्त हुई है। इसके अलावा 53.85 कोर्ट का प्रस्ताव पर्यटन विभाग को सौंपा गया।

### उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिला प्रशासन से जिले की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए जिला विकास योजना के पूरक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। प्रधानमंत्री सूर्याग्रह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य हासिल किया जाना चाहिए। बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए शहरी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, सड़क, बागवानी, जलापूर्ति, विद्युतीकरण आदि पर जोर दिया जाना चाहिए। जिला विकास योजना के उद्देश्यों के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठाणे जिले के 39 पर्यटन स्थलों के लिए विकास योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

# पूरे महाराष्ट्र में जल्द लागू हों नए आपराधिक कानून

**CM फडणवीस ने कहा- छह माह में करेंगे**





**मुंबई.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्य के सभी आयुक्तालयों में तीन नए आपराधिक कानूनों को जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश दिया। बता दें कि शाह ने यह निर्देश महाराष्ट्र में तीन नए अपराधिक कानूनों के समीक्षा के बैठक के दौरान दिया। इस बैठक में सीएम फडणवीस, महाराष्ट्र के अधिकारी और राज्य गृह मंत्रालय ने भाग लिया। इस बैठक में गृह मंत्री ने महाराष्ट्र सरकार से नए आपराधिक कानूनों के तहत एक आदर्श अभियोजन प्रणाली स्थापित करने का भी आग्रह किया। इन नए कानूनों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), 2023 शामिल हैं, जो पहले के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे।

### इन मुद्दों पर की गई चर्चा

बैठक में महाराष्ट्र में पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित नए प्रावधानों के कार्यान्वयन की स्थिति पर भी चर्चा की गई। गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेश किए गए इन नए कानूनों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज होने से लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला तीन साल के भीतर मिल सके। साथ ही शाह ने बताया कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में इन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर अन्य राज्यों जैसे गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा के साथ भी इसी तरह की बैठकें की हैं।

### फडणवीस बोले- छह माह में करेंगे

गृह मंत्री के बयान पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य अगले छह महीने के भीतर नए आपराधिक कानूनों को पूरी तरह लागू कर देगा। यह जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ नॉर्थ ब्लॉक में हुई एक समीक्षा बैठक के बाद सामने आई। मामले में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने बताया कि महाराष्ट्र ने नए कानूनों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सात साल से पुराने मामलों के लिए फोरेंसिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए 27 वैन तैनात की गई हैं। इसके अलावा, अदालतों के लिए ऑनलाइन सिस्टम भी स्थापित किया गया है। हालांकि, नए प्रावधानों के तहत अदालतों और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं में समर्पित और निर्दिष्ट क्यूबिकल स्थापित करने की जरूरत होगी, जिस पर काम किया जा रहा है.

# राज्य में सबसे बड़ी कचरे से उर्वरक परियोजना होगी गायमुख

**परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने घोडबंदर रोड का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण**



**ठाणे.** शहर स्थित घोडबंदर रोड के गायमुख परिसर में कचरा से खाद बनाने की परियोजना ठाणे शहर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।वहां की दोनों परियोजनाओं को एकीकृत करके इस परियोजना को बड़ी जगह पर लागू किया जाना चाहिए।

तीन एकड़ क्षेत्र में लगभग 300 से 400 टन गीला कचरा वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित कर उत्पादित किया जाएगा।परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि यह राज्य की एक बड़ी परियोजना होगी।परिवहन मंत्री सरनाईक ने घोड़बंदर रोड पर चल रहे चार विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा, सहायक निदेशक शहरी नियोजन संग्राम कांडे, उपायुक्त मनीष जोशी, शंकर पटोले, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, उपनगर अभियंता गुणवंत ज़ंबरे, कार्यकारी अभियंता संजय कदम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान इन चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए बड़ी धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। जिसका कार्य शुरू होकर प्रगती पर है जिसमें उर्वरक निर्माण परियोजना,नागला बंदर खाड़ी तट सौंदर्यीकरण, बोरीवडे मैदान का विकास, आनंद नगर में आरक्षित भूमि पर उद्यान का निरीक्षण किया गया।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार मनपा के कब्जे में अधिकतम क्षेत्र का उपयोग करके 300 से 400 टन गीले कचरे का एक संयुक्त प्रोजेक्ट बनाया जाएगा।

■ **नागला बंदरगाह सौंदर्यीकरण**

मराठा साम्राज्य के कवच प्रमुख कान्होजी आंग्रे का स्मारक राज्य सरकार के 150 करोड़ के फंड से नागला बंदर में विकसित किया जा रहा है।परिवहन मंत्री सरनाईक ने कहा कि मनपा को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस क्षेत्र के सभी प्रभावित परिवारों का समुचित पुनर्वसन किया जाये।

■ **बोरिवाडे मैदान विकास**

घोड़बंदर रोड वार्ड नं. 1 में आरक्षण व सुविधा भूखंडों के विकास के लिए मनपा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा 75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।इससे बोरिवेडे मैदान को विकसित कर धर्मवीर आनंद दिघे खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है और हाल ही में इसका भूमिपूजन किया गया।बोरिवेडे मैदान आरक्षित भूखंड का क्षेत्रफल 84974 वर्ग मीटर है जिसमें से 6819 वर्ग मीटर क्षेत्र पर जिमखाना का निर्माण किया जाएगा। इस जिमखाना में विभिन्न प्रकार के खेलों की सुविधाएं होंगी।

■ **गायमुख उर्वरक परियोजना**

राज्य सरकार की बुनियादी सुविधा विकास योजना के तहत ठाणे मनपा को कुल 150 करोड़ रुपये का फंड मिला है।इसमें गायमुख में 97 टन और नगला बंदर में 50 टन की कुल क्षमता वाला एक उर्वरक संयंत्र और 1.5 टन क्षमता की दो मोबाइल वैन शामिल हैं।यह स्थल राष्ट्रीय उद्यान और तुंगारेश्वर रेंज के मध्य में है और इस परियोजना को वन विभाग से अनुमति मिल गई है।

# 18 लाख की नकली विदेशी शराब की जब्त




**कल्याण.** राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के दस्ता द्वारा दमन निर्मित शराब तथा गोवा राज्य में निर्मित एवं गोवा राज्य में बिक्री हेतु भंडारित विदेशी शराब का भण्डारण करने वाले वाहनों से फर्जी लेबल एवं स्टांप लगाकर महाराष्ट्र राज्य में बिक्री हेतु तैयार किये गये नकली शराब के स्टॉक से 18 लाख मूल्य की नकली विदेशी शराब जब्त की गई,

महाराष्ट्र राज्य उत्पाद शुल्क आयुक्त डॉ. विजय सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में गुप्त मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार न्यूली नाका अंबरनाथ कटाई रोड पर गश्त के दौरान एक ग्रे रंग की वैगनार गाड़ी पर संदेह हुआ और वाहन को रोककर उसकी जांच की गई. सामान और वाहन को जब्त करने के बाद मामला दर्ज किया गया और इस मामले में दोनों संदिग्धों को आगे की जांच के लिए अपने साथ ले जाया गया.

बाद में श्रीकांत तुर्ले द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पकड़े गए आरोपी के साथ नादगांव पड़घा में छापेमारी की गई तो पता चला कि प्रदीप बामणे व्यक्ति दमन द्वारा निर्मित शराब पर नकली लेबल और बोतलें लगाकर महाराष्ट्र राज्य में बिक्री के लिए तैयार नकली शराब का भंडार रखे हुए था, मौके पर सामग्री जब्त कर आगे की जांच के लिए प्रदीप बामने को अपने साथ ले गये. इसके बाद प्रदीप बामणे द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जब आनंदवाड़ी कर्जत स्थित स्थान पर छापा मारा गया तो गोवा राज्य द्वारा निर्मित और गोवा राज्य से बिक्री के लिए लाई गई शराब का भंडार मिला,

तीनों घटनास्थलों से कुल 126 पेटी विदेशी शराब जब्त की गयी. इन अपराधों में वाहन सहित 18 लाख 81 हजार 480 रुपये का माल जब्त कर आरोपियों श्रीकांत तुर्ले, किशोर पाटिल, प्रदीप बामने को निषेधाज्ञा अपराध के तहत गिरफ्तार किया कर लिया गया है.


यह कार्रवाई राज्य उत्पाद शुल्क स्क्वाड नंबर 2, निरीक्षक ठाणे दीपक परब, उप-निरीक्षक टी.सी.चव्हाण, आर.वी. द्वारा की गई, इन अपराधों की आगे की जांच अधीक्षक प्रवीण तांबे के मार्गदर्शन में निरीक्षक दीपक परब द्वारा की जा रही है.

### जालसाज के हाथों 6.74 लाख रुपए गंवाए

**मुंबई.** भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त एक दंपत्ति ने एक जालसाज के हाथों 6.74 लाख रुपए गंवा दिए। जालसाज ने खुद को बैंक मैनेजर बताया और उनसे उनकी निजी जानकारी मांग ली। कालाचौकी पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ताओं को संयुक्त खाते में पेंशन मिलती है। धोखाधड़ी तब हुई जब महिला ने केबल ऑपरेटर को पैसे ट्रांसफर करते समय गलती से गलत IFSC कोड डाल दिया। गलती का एहसास होने पर उसने ऑनलाइन कोड से जुड़ी शाखा की खोज की और पाया कि वह अलीगढ़ के एक बैंक की है। इसके बाद उसे एक संपर्क नंबर मिला और जिस व्यक्ति ने उसका फोन उठाया, उसने खुद को बैंक मैनेजर बताया। पैसे वापस दिलाने में मदद करने का आश्वासन देकर जालसाज ने गोपनीय जानकारी हासिल कर ली और बाद में बड़ी रकम उड़ा ली।

# मुंबई एयरपोर्ट पर करोड़ों के सिंथेटिक हीरे जब्त

■ **लैपटॉप के बैग में छिपाए गए थे**



**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात CISF के जवानों ने 4.93 करोड़ रुपये के सिंथेटिक हीरों की तस्करी करने वाले शख्स को पकड़ा है. यात्री ने लैपटॉप बैग में हीरे छिपाकर रखे थे.CISF ने बताया कि 12 फरवरी की रात 1:18 बजे एक भारतीय यात्री भरतभाई गोविंदभाई नथानी बैंकॉक जाने के लिए NOK एयरलाइंस की फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था. यह फ्लाइट 2:50 बजे टर्मिनल 2 से उड़ान भरने वाली थी. आवश्यक चेक-इन औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, वह अपने हैंड बैग के साथ सुरक्षा जांच क्षेत्र में पहुंचे.

स्क्रीनिंग के दौरान CISF स्क्रीनर कॉन्स्टेबल सुभोध कुमार ने X-BIS मशीन पर एक संदिग्ध इमेज देखी. जब इस इमेज की बारीकी से जांच की गई तो पाया गया कि लैपटॉप बैग के बैटरी कंपार्टमेंट में एक अज्ञात वस्तु छुपाई गई थी. यात्री की प्रोफाइल और संदिग्ध छवि को ध्यान में रखते हुए बैग की गहन जांच करने का निर्णय लिया गया. CISF अधिकारी मीना मुकेश कुमार, जो फिजिकल चेक के लिए तैनात थे उन्होंने बैग की गहन तलाशी ली. इस दौरान लैपटॉप बैटरी कंपार्टमेंट के अंदर से उन्हें 26 छोटे पारदर्शी पैकेटों में छुपाए गए सिंथेटिक हीरे मिले.

यात्री और बरामद किए गए हीरों को तुरंत एयर इंटेलिजेंस यूनिट और मुंबई एयरपोर्ट के कस्टम अधिकारियों को सौंप दिया गया. AIU/कस्टम अधिकारियों के अनुसार, बरामद सिंथेटिक हीरों का कुल वजन 2147.20 कैरेट था, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत 4.93 करोड़ रुपये है. CISF कर्मियों की तेज़ और सतर्क कार्रवाई ने न केवल इस बड़ी तस्करी को रोक दिया बल्कि यह भी साबित किया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा और सतर्कता को लेकर CISF पूरी तरह तैयार है.

# एक्सप्रेसवे पर 'मिसिंग लिंक' का काम तेजी से

■ **अगस्त तक पूरा करने के निर्देश**

**मुंबई.** मुंबई-पुणे यशवंतराव चव्हाण एक्सप्रेसवे पर 'मिसिंग लिंक' का काम तेजी से चल रहा है। जो मुंबईकरों के साथ-साथ पुणेकरों का भी ध्यान आकर्षित कर रहा है। लोक निर्माण राज्य मंत्री मेघना साकोरे-बोर्डिकर ने इसे अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि परियोजना समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी हो।

मेघना साकोरे-बोर्डिकर ने हाल ही में इस महत्वाकांक्षी मिसिंग लिंक परियोजना का निरीक्षण किया और कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के पूरा हो जाने पर मुम्बई-पुणे एक्सप्रेसवे पर यात्रा अधिक तीव्र, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। इस अवसर पर राज्य सड़क विकास महामंडल के पुणे रीजन के अधीक्षण अभियंता राहुल वसईकर, कार्यकारी अभियंता राकेश सोनवणे, परियोजना सलाहकार, ठेकेदार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### क्या होगा फायदा?

यह खालापुर से खोपोली इंटरचेंज और खोपोली निकास से कुसगांव (सिंहगढ़ संस्थान) के बीच का एडवांस रूट है। इससे वर्तमान दूरी 19 किमी से 6 किमी कम होकर 13 .3 किमी रह जाएगी। इससे यात्रा समय में 20-25 मिनट की बचत होगी, ईंधन की बचत होगी, वायु प्रदूषण में कमी आएगी। घाट रोड पर ट्रैफिक कम होगा और दुर्घटनाओं का खतरा घटेगा। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बोरघाट में ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं होती हैं। इसके अलावा मॉनसून के समय में यहां भूस्खलन से यातायात बाधित होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह नई परियोजना शुरू की गई है।

### अकोला : सड़क दुर्घटना में पूर्व विधायक तुकाराम बिडकर की मौत



**अकोला.** महाराष्ट्र के अकोला में एक सड़क दुर्घटना में पूर्व विधायक और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता तुकाराम बिडकर की मौत हो गई।

एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने दुख जताते हुए कहा, ₹उनके निधन से विदर्भ ने एक योग्य सपूत, आंदोलन में काम करने वाले एक सच्चे कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में मेरे सहयोगी को खो दिया है।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के बाहर ग्राहकों की कतार

■ **आरबीआई ने लगाई पाबंदी**

**मुंबई.** मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर शुक्रवार को लोगों की कतारें देखी गईं। आरबीआई की ओर से निकासी पर रोक लगने के बाद चिंतित ग्राहक जल्द से जल्द अपना पैसा निकालना चाह रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को पर्यवेक्षी चिंताओं के बीच जमाकर्ताओं की ओर से धन निकासी सहित कई प्रतिबंध लगा दिए थे।

■ **विजयनगर शाखा के बाहर असमंजस में दिखे ग्राहक**

रिजर्व बैंक की कार्रवाई के बाद मुंबई के अंधेरी में विजयनगर शाखा के बाहर शुक्रवार को खाताधारकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्राहक इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि उन्हें अपना पैसा कब मिलेगा। कुछ लोगों ने तो यहां तक कहा कि बैंक उनके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है और यहां तक कि इसकी ग्राहक सहायता सेवाएं और एप भी काम नहीं कर रहे हैं। बैंक के बाहर जमा हुए लोगों में से ज्यादातर वरिष्ठ नागरिक हैं। बैंक अधिकारियों ने कतार में खड़े लोगों को कूपन दिए हैं। उनके अनुसार, ग्राहक इन कूपन का इस्तेमाल अपने लॉकर तक पहुंचने के लिए कर सकते हैं।

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक, मुंबई को दिए गए भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश गुरुवार को कारोबार की समाप्ति से लागू हो गए। ये निर्देश छह महीने की अवधि तक लागू रहेंगे और समीक्षा के अधीन होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक को ऋण देने या नवीनीकृत करने, नई जमाराशियां स्वीकार करने, निवेश करने, अपनी देनदारियों के लिए कोई भुगतान करने या अपनी किसी भी संपत्ति को बेचने से रोक दिया है।

# म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी का एक्सीडेंट

■ **इलाज जारी**
■ **पुणे का कॉन्सर्ट पोस्टपोन**
■ **शेखर रवजियानी के साथ परफॉर्म करने वाले थे**



म्यूजिक कंपोजर विशाल ददलानी का एक्सीडेंट हो गया है। इस वजह से उन्होंने शेखर रवजियानी के साथ पुणे के म्यूजिक कॉन्सर्ट को पोस्टपोन कर दिया है। विशाल, शेखर रवजियानी के साथ 2 मार्च 2025 को पुणे में परफॉर्म करने वाले थे।

विशाल ने गुरुवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा- मेरी किस्मत खराब थी। मेरा एक छोटा सा एक्सीडेंट हो गया। जल्द ही वापस आऊंगा। आप सभी को बताता रहूंगा। जल्द ही मिलेंगे पुणे!

इस कॉन्सर्ट के आयोजक जस्ट अर्बन की टीम का भी बयान सामने आया है। टीम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा- विशाल और शेखर का म्यूजिक कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है। हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है। विशाल ददलानी से जुड़ी एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के कारण मच-अवेटेड अर्बन शोज म्यूजिक प्रोग्राम को पोस्टपोन कर दिया गया है। विशाल का ट्रीटमेंट जारी है।

### विशाल की टीम ने मांगी माफी

कॉन्सर्ट पोस्टपोन होने पर विशाल की टीम ने फैंस से माफी मांगी है। उन्होंने स्टेटमेंट जारी कर कहा- हम असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं। हम जल्द ही नई तारीख साझा करेंगे। सभी के टिकट के पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। आपके सपोर्ट के लिए धन्यवाद। आगे के अपडेट के लिए बने रहें।

# सार्वजनिक महिला शौचालय में तांक-झांक करने वाला गिरफ्तार

**कल्याण.** सार्वजनिक शौचालय में महिला को छुप कर नहाते हुए देखने का मामला सामने आया है. कल्याण इलाके में एक सार्वजनिक शौचालय के देख-रेख कर्मी पर छिपकर महिला को नहाते हुए देखने का आरोप लगा है. इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है.

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है. आरोपी का नाम करीबुल साबिद शेख बताया जा रहा है. बुधवार (14 फरवरी) को एक महिला जब सार्वजनिक शौचालय में नहा रही थी, तब आरोपी कथित तौर पर बाथरूम में तांक-झांक कर रहा था. इसके बाद जब महिला को इस हरकत का एहसास हुआ तो उसने घबराकर शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए.

इसके बाद पीड़िता ने तुरंत पुलिस को इस घटना की जानकारी दी और शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी शेख के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता BNS की धारा 77 वोयरिज्म के तहत मामला दर्ज किया है. BNS की धारा 77 के तहत, महिलाओं की गोपनीयता का उल्लंघन करना अपराध है.

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 290 | शनिवार, 15 फरवरी 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# 10 हजार रुपये में बच्ची को बेचा!

## लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे जोड़े का कारनामा



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में रहने वाली 21 वर्षीय महिला द्वारा अपने प्रेमी और परिवार की सलाह पर बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के अपनी एक महीने की बच्ची को 10 हजार रुपये में कलवा के एक परिवार को गोद देने की बात सामने आई है। संबंधित युवती ने बताया कि लड़की को उसके प्रेमी के कहने पर गोद लिया गया था, जिसके साथ वह लिव-इन रिलेशनशिप में रहती है। इस मामले की जानकारी मिलते ही जिला बाल संरक्षण विभाग ने कार्रवाई करते हुए कलवा में संबंधित परिवार से लड़की को हिरासत में लिया और उसे डोंबिवली के जननी आशीष दत्तक ग्रहण केंद्र में भर्ती कराया।

जनवरी में उल्हासनगर में रहने वाली 21 वर्षीय महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। युवती उल्हासनगर में रहने वाले एक युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। वह युवक जो गर्भवती होने के दौरान युवती के साथ रहता था, उसने संरक्षकता ग्रहण करने की इच्छा व्यक्त की। हालाँकि, लड़की के जन्म के बाद, माता-पिता दोनों ने बच्चे को एक जरूरतमंद परिवार को देने का फैसला किया क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति खराब थी और वे बच्चे की देखभाल नहीं कर सकते थे।

इसके बाद दोनों ने बिना किसी कानूनी प्रक्रिया से गुजरे लड़की को कलवा के एक परिवार को गोद दे दिया। जैसे ही सखी केंद्र को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण प्रकोष्ठ को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने कलवा की एक झुग्गी बस्ती में बच्चे की तलाश की और उसे हिरासत में ले लिया।

बच्ची को बाल कल्याण समिति, ठाणे के आदेश पर इलाज के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा में भर्ती कराया गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया और उसे डोंबिवली स्थित जननी आशीष दत्तक ग्रहण केंद्र में भर्ती कराया गया। बच्चे को बेचने व खरीदने वाले दोनों माता-पिता के खिलाफ जिला बाल संरक्षण कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई है तथा किशोर न्यायालय के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### माँ ने स्वयं ही बच्चे की पुनः मांग की

जनवरी के अंत में बच्ची की मां ने ठाणे में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के कार्यालय में 181 हेल्पलाइन पर फोन किया और उन्हें पारिवारिक विवाद के बारे में बताया। सखी केंद्र 1 के माध्यम से महिला से तुरंत संपर्क किया गया और उसे उल्हासनगर स्थित कार्यालय में बुलाया गया। इस बार उसने पूरी कहानी बताते हुए मांग की कि लड़की वापस कर दी जाए।

# शहर के अवैध निर्माण आयुक्त के लिए चैलेंज



## अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं हुई तो अधिकारी पर कार्रवाई होगी!

- शहर को अतिक्रमण मुक्त करेंगी मनपा आयुक्त
- अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के आदेश
- प्रभाग समिति 1,2, 3 व 4 के अधिकारियों के साथ बैठक
- प्रभाग अधिकारी ही देते हैं अवैध निर्माणों को संरक्षण







**उल्हासनगर.** दैनिक 'उल्हास विकास' ने 11 फरवरी 2025 को यह खबर प्रकाशित की थी कि उल्हासनगर शहर अवैध निर्माण को लेकर प्रसिद्ध है और इस शहर पर अवैध निर्माणों का धब्बा लग चुका है। जिस कारण शहर में प्रॉपर्टी के दामों में भी भारी गिरावट आयी है। इस खबर की सराहना एक तरफ आम जनता ने भी की जिसके फलस्वरूप मनपा की भी आंख खुली है और मनपा आयुक्त ने इस पर एक्शन लेते हुए शहर में अवैध निर्माण पर कार्रवाई और शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 5 सूत्री आदेश प्रभाग समिति अधिकारियों को दिए। अब क्या अगर अवैध निर्माणों पर कार्रवाई नहीं की गई तो क्या उन अधिकारियों पर कार्रवाई होगी जो इन अवैध निर्माणों को संरक्षण दिए हुए हैं।

ज्ञात हो कि उल्हासनगर शहर में पिछले कई सालों से अवैध निर्माणों की समस्या बनी हुई है। इन अवैध निर्माणों को संरक्षण देने का कार्य मनपा अधिकारियों ने ही किया है। इतना ही नहीं हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना कर इन अवैध निर्माणों पर कभी कार्रवाई नहीं की और ना ही बिना किसी फाउंडेशन के बन रहे लोडबेरींग जोकि धोकादायक हो चुके हैं उन्हें रोकने का प्रयास किया।

आज झोलाछाप बिल्डर व ठेकेदार शहर में टीजी व आरसीसी बिना किसी नियम को ध्यान में रखकर बना रहे हैं। प्लान पास के बावजूद अवैध निर्माण करना उनकी आदत बन चुकी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए मनपा आयुक्त ने इस पर एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

मनपा प्रभाग समिति-1,2,3 व 4 के सहायक आयुक्त के साथ मनपा आयुक्त ने बैठक कर .1, शहर के सभी रास्ते, चौक, रेलवे स्टेशन परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया है। अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अधिकारी पर कार्रवाई होगी। 2) आम जनता की समस्या व प्रश्न प्रभाग स्तर तक निवारण कर कार्रवाई होनी चाहिए। 3) शहर में बिना अनुमति में लगाए गए बैनर्स पर कार्रवाई हो। 4) अवैध निर्माणों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। 5) शहर में फेरीवालों के लिए 10 दिनों के भीतर फेरीवाला क्षेत्र निश्चित करने है। इस तरह के पांच प्रमुख आदेश मनपा आयुक्त ने गुरुवार को हुई बैठक में पारित किए हैं। अगर इन सभी आदेशों का पालन नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। प्रभाग समिति-1 से 4 के सहायक आयुक्त व अधिकारियों कर्मचारियों को यह कार्यभार सौंपा गया है। अब देखना है कि शहर में अवैध निर्माण को रोक पाने में मनपा आयुक्त सफल होती है क्योंकि आज तक ऐसा कोई आयुक्त नहीं आया जो अवैध निर्माण को रोक सके। यह आयुक्त के लिए बड़ा चैलेंज साबित होगा।

# परीक्षा अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित न करने की मांग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में विद्युत विभाग द्वारा बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित किए जाने के कारण 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा अवधि के दौरान पढ़ाई में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मामला छात्रों के साथ अन्याय है। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट ने विद्युत विभाग से इस प्रथा को तत्काल बंद करने की मांग की है। प्रशांत चंदनशिव ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को एक बयान सौंपा है। बयान में कहा गया है कि 12वीं और 10वीं की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं और परीक्षा से एक दिन पहले 9 फरवरी को हमारे स्थान, पडघा अंबरनाथ, उल्हासनगर पूर्व में रात 8 बजे से 10 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। परीक्षा देने वाले छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वास्तविक परीक्षा से एक दिन पहले उनकी बिजली काट दी जाती है।

# अंबरनाथ में म्हाडा के दो प्रकल्प के लिए सर्वेक्षण शुरू

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के कोहोजगांव खुंटवली में दो जगहों पर म्हाडा द्वारा गृह प्रकल्प निर्माण का नियोजन शुरू है. ये प्रकल्प शुरू करने से पूर्व ग्राहकों का इरादा क्या है? ये जानने के लिये सर्वेक्षण किया जायेगा. इसके लिये संकेत स्थल पर सर्वेक्षण में शामिल होने की अपील-नागरिकों से की गई है. २४ फरवरी 2025 तक नागरिकों ने सर्वेक्षण में सहभाग ले सकते हैं. ऐसा म्हाडा की ओर से कहा गया है. इस गृहप्रकल्प में आर्थिक दृष्टि से दुर्बल वर्ग और मध्यम-उत्पन्न गट के लिये घर उपलब्ध किये जायेंगे. अंबरनाथ पश्चिम को कोहोज खुंटवली में प्रस्तावित प्रकल्प में 1606 घर और 22 व्यवसायिक दुकानों और गंगा नगर प्रकल्प में 151 घर और मध्यम उत्पन्न गट के लिये 774 गृह निर्माण घर बांधे जायेंगे- ये शहर पूर्व में है. इसके लिए म्हाडा का सर्वेक्षण शुरू हैं. इच्छुकों ने https:/demandassessment-citizen mhada.gov.in/ वेबसाइट पर जा कर आवश्यन जानकारी देकर सर्वेक्षण में सहभाग हो सकते हैं. अंबरनाथ के मध्यमवर्ग रहिवासियों के लिए एक अच्छा मौका है.

## कुत्तों की नसबंदी पर करोड़ों खर्च के बावजूद

# शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार




### उल्हासनगर में अभी भी 4 हजार कुत्ते बिना नसबंदी के

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में आवारा कुत्तों की नसबंदी पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने के बावजूद आवारा कुत्तों का आतंक बरकरार है. अभी 2-3 दिन पहले ही कैंप-1 क्षेत्र में एक ही दिन में 6 लोगों को आवारा कुत्तों ने काट लिया। हालांकि मनपा प्रशासन नसबंदी कराने का दावा कर रहा है, लेकिन मनपा प्रशासन ने बताया है कि शहर में अभी भी चार हजार कुत्ते ऐसे हैं, जिनकी नसबंदी नहीं हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस काम पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च होने की जानकारी सामने आई है। उल्हासनगर शहर में एक आवारा कुत्ते द्वारा छह लोगों पर हमला करने की घटना सामने आई। दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने बताया है कि इस एक कुत्ते ने 22 लोगों को काटा है। चौंकाने वाली बात यह है कि उल्हासनगर के सरकारी सेंट्रल अस्पताल में करीब 135 लोगों को रेबीज का टीका लगाया गया। अस्पताल प्रशासन ने यह भी बताया है कि यह संख्या अक्सर एक दिन में 150 से अधिक हो जाती है। इसलिए उल्हासनगर शहर में आवारा कुत्तों के हमलों का प्रकोप बढ़ गया है। अस्पताल की जानकारी के अनुसार, पिछले वर्ष 21,000 से अधिक नागरिकों को कुत्तों ने काटा था। इसलिए उल्हासनगर महानगरपालिका की कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं।

> कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर तकनीकी कारणों से विलंबित हो गया। हालांकि, इसके लिए जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इसलिए नए संगठन को कार्य आदेश दे दिया गया है।
>
> **-मनीषा अव्हाले,** आयुक्त,

# अवैध निर्माण को एनओसी कैसे?

### हाई कोर्ट ने पूछे सवाल



**कल्याण.** अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग और खाद्य लाइसेंस विभाग अवैध निर्माणों को 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' कैसे जारी करते हैं? क्या अवैध निर्माण को अनुमति न देना उनकी जिम्मेदारी नहीं है? क्या पुलिस की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वह अवैध निर्माण के बारे में मनपा प्रशासन को सूचित करे? कल्याण-डोंबिवली में अवैध होटल के निर्माण को लेकर हाईकोर्ट ने ऐसे कई सवाल उठाए।

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका ने जून 2024 में गोलिवली गांव में साईराज होटल (तनिष्क बार) में अवैध निर्माण के लिए नोटिस जारी किया और सात दिनों के भीतर निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया। होटल मालिक ने इस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायाधीश अजय गडकरी और न्यायमूर्ति. नीला गोखले ने होटल मालिक की याचिका को खारिज कर दिया और प्रशासन के प्रदर्शन पर सवाल उठाए। यह इमारत 17 वर्षों से खड़ी है। इसलिए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने कर्तव्यों का पालन करने में विफल रहे हैं।

# टिटवाला में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई



**टिटवाला.** मनपा के अतिक्रमण विभाग ने मांडा टिटवाला (पूर्व) में चल रहे अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। हरिओम वैली रोड और पिपलेश्वर मंदिर के पीछे बढ़ते अनाधिकृत निर्माणों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं।

इस ऑपरेशन में कुल 6 पूर्ण ईंट की इमारतों के साथ-साथ 52 पत्थर की नींव और सीमेंट कंक्रीट की नींव को हटा दिया गया। मनपा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वार्ड में सभी अनाधिकृत निर्माणों की तलाशी लेकर नियमित रूप से बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। अनाधिकृत निर्माण को हटाने के लिए अतिक्रमण विभाग के 4 पुलिस कर्मियों की विशेष उपस्थिति थी। इसके अलावा ठेकेदार के श्रमिकों, 1 जेसीबी मशीन के साथ-साथ अतिक्रमण विभाग के वरिष्ठ लिपिक, एक क्लर्क और टीम के 8 श्रमिकों की मदद से इस अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।

मनपा ने अनाधिकृत निर्माणों पर सख्त रुख अपनाया है और अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए लगातार गश्त और कार्रवाई की जाएगी।

# अंबरनाथ में चड्डी गैंग चोर सक्रिय

- बार का पतरा तोड़कर किया चोरी
- सीसीटीवी में हुए कैद

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के साई सागर होटल बार में बुधवार को दो चड्डी पहने हुए चोरों ने अर्धनग्न अवस्था में होटल बार का पतरा तोड़कर बार में प्रवेश करके 70 हजार रुपए चोरी किए हैं. चोरी की ये घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. अंबरनाथ पुलिस में बार मालिक राजेश महेश पिसाल ने शिकायत की है. उनका साई सागर नाम का बार है. हमेशा की तरह रात 12 बजे पिसाल अपना बार बंद करके घर गए. उसके बाद दो चड्डी पहने हुए चोरों ने बार का पतरा तोड़कर बार में प्रवेश करके सीसीटीवी के वायर कट किया, लेकिन तब तक उनके चेहरे सीसीटीवी में कैद हो गए थे. ये घटना बुधवार की है. उन्होंने काउंटर के लॉकर को तोड़कर 70 हजार रुपयों की चोरी की है. सीसीटीवी में साफ दिख रहा है कि चोरों ने शर्ट या बनियान नहीं पहना है. केवल चड्डी पहन रखी है. इसलिए ये कहा जा रहा है कि शहर में चड्डी गैंग चोर सक्रिय हो गए हैं. बुवापाड़ा लादी नाका के पास ये बार है. पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज करके चोरों की तलाश कर रही है.

# हाजीमलंग में राजस्व विभाग का कार्यालय

### इससे क्षेत्र के 22 गांवों के किसान होंगे लाभान्वित

**कल्याण.** हाजीमलंग क्षेत्र के किसानों को राजस्व विभाग के सरकारी काम के लिए अंबरनाथ शहर जाना पड़ता था। हालांकि, बदलापुर के बाद राजस्व विभाग ने हाजीमलंग वाडी में अपना काम शुरू कर दिया है। जमीन के काम के लिए शहर जाने का झंझट अब खत्म हो गया है। राजस्व विभाग ने हाजीमलंग में प्रत्यक्ष जनभागीदारी से चावड़ी शुरू की है, जिससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा। गांव में सरकारी प्रशासन ग्राम पंचायत के माध्यम से चलाया जाता है। इसके बाद, 'चावड़ी' की संस्था का गांव के जीवन में पारंपरिक महत्व है। हालाँकि, ग्रामीण क्षेत्रों में चावड़ियां खोलने की मांग जोर पकड़ रही थी। इसके बाद अंबरनाथ राजस्व विभाग ने कुंभारली मंडल प्रभाग चावड़ी शुरू कर दी है।

इस चावड़ी के कार्यालय का उद्घाटन उल्हासनगर उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों को अब काम के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा और कठिन काम अब सीधे गांव में ही हो जाएंगे। इसलिए राजस्व विभाग द्वारा शुरू किए गए इस कार्यालय का किसानों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

# वाल्मीकि समुदाय के लिए समाज मंदिर का निर्माण करें

### बजट में 4 करोड़ का प्रावधान करने की मांग

**उल्हासनगर.** पीआरपी के ठाणे जिला अध्यक्ष तथा पूर्व उमपा गटनेता प्रमोद टाले ने मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले को एक लिखित ज्ञापन के माध्यम से उल्हासनगर शहर के वार्ड क्रमांक 18 (बी) में महर्षि वाल्मीकि समाज मंदिर और महाराष्ट्र रुखी सुखी जाति समाज भवन के निर्माण के लिए आगामी बजट में 4 करोड़ रुपये का प्रावधान करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा है कि ऐसा कहा जाता है कि वाल्मीकि समुदाय के लोग हजारों की संख्या में उल्हासनगर शहर में रहते हैं, जिनमें से अधिकांश समुदाय उल्हासनगर के वार्ड क्रमांक 4 में रहते हैं। मैं पिछले कई वर्षों से 18(बी) में रह रहा हूं। इस समुदाय की दो पीढ़ियां लगातार उल्हासनगर शहर की सेवा कर रही हैं। इस समुदाय के विकास के संदर्भ में ध्यान देने की आवश्यकता है। हालाँकि, आज तक उस समुदाय के लिए अपने कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कोई हॉल (भवन) या सामुदायिक केंद्र नहीं है। यह दुःखद बात है. आगामी वर्ष 2025-2026 के बजट में वाल्मीकि बंधुओं के लिए महाराष्ट्र रूखी सुखी जाति समाज भवन और महर्षि वाल्मीकि समाज मंदिर के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

# कडोंमपा ने डेढ़ माह में 264 करोड़ रु. टैक्स वसूला

### 33,719 बकाया करदाताओं ने उठाया अभय योजना का लाभ



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका द्वारा घोषित अभय योजना को नागरिकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। 33 हजार 719 बकाया करदाताओं ने इस योजना का लाभ उठाया। मनपा के संपत्ति कर विभाग ने डेढ़ महीने की अवधि में 264 करोड़ रुपये का कर वसूलने में सफलता हासिल की है।

संपत्ति कर और जल कर महानगरपालिका के राजस्व के मुख्य स्त्रोत हैं। मनपा क्षेत्र के अनेक नागरिकों पर वर्षों से इन दोनों करों का भारी बकाया था। कल्याण-डोंबिवली मनपा ने इन बकाया राशि वाले नागरिकों के लिए 14 दिसंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक अभय योजना 2024-2025 की घोषणा की थी। इसे नागरिकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस अवधि के दौरान कुल 33 हजार 719 बकायादार करदाताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। इनसे 264 करोड़ रुपये का कर वसूला गया है। अब तक कर संग्रहण से मनपा के खजाने में 502 करोड़ रुपये की राशि जमा हो चुकी है। अभय योजना की समाप्ति के साथ ही महानगर पालिका एक बार फिर कर वसूली पर सख्ती लागू करेगी। इसलिए, कर संग्रह विभाग की डिप्टी कमिश्नर स्वाति देशपांडे ने कहा है कि बकाया संपत्ति मालिकों को तुरंत और समय पर अपना संपत्ति कर चुकाना चाहिए, अन्यथा महानगरपालिका कर का भुगतान करने में आनाकानी करने वाले संपत्ति मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, जैसे कि उनके पानी के कनेक्शन को काटना, उनकी संपत्ति जब्त करना, उन्हें कुर्क करना और उनकी संपत्तियों को नीलाम करना आदि.

> **संपत्तियों की होगी सार्वजनिक नीलामी**
>
> महानगर पालिका ने समय-समय पर बड़े बकाया वाले संपत्ति मालिकों को कर वसूली नोटिस जारी किए हैं। हालांकि, इसके बाद भी नोटिस का जवाब नहीं देने वाली संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है। इनमें से 16 संपत्तियों की सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चूंकि मनपा ने संपत्ति कर का भुगतान न करने वाले संपत्ति मालिकों के खिलाफ कड़ी वसूली कार्रवाई शुरू की है, इसलिए संपत्ति कर विभाग ने नागरिकों से इस कार्रवाई से बचने के लिए तुरंत अपना संपत्ति कर जमा करने की अपील की है।

